उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

सं0- 39 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025-26/06-परीक्षा/2024

लखनऊ : दिनांक : 13 मार्च, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-173/03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025/06-परीक्षा/2024, दिनांक- 17 अक्टूबर, 2025 द्वारा आयोग के विज्ञापन संख्या- 06-परीक्षा/2024, सचिव श्रेणी-तीन ग्रेड-दो मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/06 के अंतर्गत राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन सचिव श्रेणी-तीन ग्रेड-दो के रिक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये चिन्हित कुल 525 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। तदुपरांत उक्त 525 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण दिनांक 11-11-2025 से दिनांक 13-11-2025 तक आयोग कार्यालय में आयोजित किया गया था।

सूच्य है कि दिनांक 11-11-2025 से दिनांक 13-11-2025 तक आयोजित उक्त अर्हता/अभिलेख परीक्षण के अंतर्गत सचिव श्रेणी-तीन ग्रेड-दो के पदों के सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के विज्ञापित पदों के सापेक्ष उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के दृष्टिगत मा0 आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुक्रम में अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर मेरिट के अनुसार उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के समस्त 23 अभ्यर्थियों की अनुपूरक सूची एवं पुनरीक्षित कट-ऑफ अंक को मा0 आयोग अनुमोदित किया गया था।

तत्क्रम में आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 12.03.2026 द्वारा अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर मेरिट के अनुसार उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के समस्त 23 अभ्यर्थियों की अनुपूरक सूची एवं पुनरीक्षित कट-ऑफ अंक आयोग की वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ प्रकाशित की गयी थी तथा अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि उक्त अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम आयोग कार्यालय में दिनांक 27.03.2026 को आयोजित किया जाएगा।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिये गए हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अर्हता/ अभिलेख परीक्षण से पूर्व उनके समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी विज्ञापित अनिवार्य अर्हता के सापेक्ष समस्त अंकपत्र व प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं उनकी छायाप्रतियों तथा पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटोग्राफ के साथ ही डाउनलोड किये गए अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्रों की मुद्रित प्रतियों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, दिनांक 27.03.2026 को पूर्वाह्न 10.00 बजे अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को

यह भी सूचित किया जाता है कि वह अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड इत्यादि) की मूलप्रति एवं उनकी स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति अवश्य लेकर उपस्थित हों।

अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु घोषित परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अन्तिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयन सम्बन्धी अन्तिम परिणाम अर्हता/अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।

13/03/2026

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।